तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 दिसंबर 2024





12 महाविद्यालय में ओपन स्टेडियम व नवीन ...



12 बच्चों को अपने माता-पिता और गुरु के बताए ...




**खबर संक्षेप**

### चार लीटर महुआ शराब जब्त, एक पर कार्रवाई



**महासमुंद।** ग्राम जाड़ामुड़ा से बसना पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम जाड़ामुडा से आरोपी मनबोध प्रधान पिता सुफल प्रधान (60 साल) के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया गया और आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# बदलते मौसम ने बढ़ाई किसानों एवं प्रबंधकों की चिंता, बारिश से होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में एक बार फिर बारिश होने के आशंकाओं के चलते किसानों एवं धान खरीदी केंद्रों के प्रबंधकों की परेशानी बढ़ती नजर आ रही है। जिले के खरीदी केंद्रों में लिमिट से ज्यादा का धान अब तक जाम पड़ा है अगर ऐसे में कही बारिश होती है तो इनके भीगने का खतरा बना हुआ है एवं अभी तक लगभग 72 हजार किसान अपना उपज बेचने के लिए इंतजार कर रहे है। अगर बारिश हुई तो धान खरीदी प्रभावित होगी जिससे इन किसानों को दिक्कतों सामना करना पड़ सकता है।

कृषि प्रधान जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी के दौरान 50 लाख क्विंटल से अधिक की खरीदी हो चुकी है। इसमें से बमुश्किल 7 लाख क्विंटल धान का ही उठाव हो सका है, जबकि 43 लाख क्विंटल से अधिक धान उपार्जन केंद्रों में खुले आसमान तले है। ऐसे में मौसम के बदले मिजाज को लेकर खुले में पड़े धान पर बेमौसम बरसात का खतरा मंडराने लगा है। राज्य शासन द्वारा की जा रही धान खरीदी के तहत 24 दिसंबर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 94174 किसानों से 519033.28 टन धान खरीदा गया, जिसकी राशि 1193 करोड़ 77 लाख रुपए किसानों को वितरित की गई। इधर बीते दो तीन दिनों से मौसम का मिजाज भी बदला हुआ है। आसमान पर काली घटाएं घिर- घिरकर आने लगी है। मंगलवार को सुबह से बदली छायी रही । ऐसी स्थिति में केंद्रों में रखे लाखों क्विंटल धान पर बेमौसम बरसात का खतरा मंडराने लगा है। अधिकांश जगहों पर कैप कव्हर की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसी स्थिति में यदि कहीं बारिश होती है तो खरीदे गए लाखों क्विंटल धान बेमौसम बरसात में भीगने का खतरा बढ़ गया है।

## जिले के खरीदी केंद्रों में लिमिट से ज्यादा का धान अब तक जाम, परिवहन कार्य धीमा

### केंद्रों में धान जाम होने पर खरीदी हो रही प्रभावित

जिले में अभी तक 50 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। 92 हजार 825 किसान अपनी उपज बेच चुके हैं। उठाव सिर्फ सात लाख क्विंटल ही हो पाया है। खरीदी के आंकड़ों पर नजर डालें तो लक्ष्य से करीब 45 फीसदी धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि, उठाव 14 प्रतिशत ही हुआ है। 44 फीसदी किसान अभी धान लेकर केंद्रों में नहीं पहुंचे हैं। कई केंद्रों में धान जाम होने पर खरीदी भी नहीं हो पा रही है। इतना ही नहीं, अब बारदाने में कम पड़ने लगे हैं। दरअसल, खरीदी प्रारंभ होने के बाद भी धान का उठाव काफी धीमी गति से हो रहा है। राइस मिलर भी हड़ताल पर थे। इससे भी समितियों की परेशानी बढ़ गई थी। वर्तमान में जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में से 154 में बफर लिमिट से अधिक धान जाम है।



### 20 लाख क्विंटल का टीओ-डीओ जारी


जिला विपणन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के उपार्जन केंद्रों से अभी तक राइस मिलरों द्वारा साढ़े तीन लाख क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। इसी तरह संग्रहण केंद्रों के लिए तीन लाख 77 हजार क्विंटल धान का उठाव किया गया है। इसके अलावा 11 लाख क्विंटल धान के लिए टीओ और 9 क्विंटल के लिए डीओ जारी किया गया है। जिले में कुल 175 राइस मिलर पंजीकृत हैं। पिछले साल करीब 197 मिलरों से अनुबंध हुआ था। हालांकि, राइस मिलरों की पंजीयन की प्रक्रिया जारी रहेगी। फिलहाल, धान का समय पर उठाव न होना बड़ी समस्या है।

**स्मरण :** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को मनाया सुशासन दिवस

# ग्रामीणों को दिलाई गई सुशासन की शपथ अटल के सुशासन के सपने हो रहे साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस के अवसर पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महासमुंद विकासखंड के ग्राम कनेकेरा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय लंगेह, जनपद सदस्य नीता तुला राम साहू, सरपंच नीलकंठ साहू, जिला पंचायत सीओ एस आलोक, जनपद सीइओ बीएस मंडावी एवं स्थानीय प्रतिनिधि मौजद रहे।इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटलबिहारी वाजपेयी ने सुशासन का जो सपना देखा था, उसे प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार साकार कर रही है। सरकार उनके बताए गए आदर्शों और मूल्यों का अनुसरण करते हुए सभी वर्ग और सभी लोगों के विकास और प्रगति के लिए कृत-संकल्पित है। शासकीय योजना के माध्यम से प्रशासन लोगों के हित के लिए कार्य कर रही है। मंचस्थ अतिथियों ने भारत रत्न श्री वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।



### कलेक्टर ने दिलाई सुशासन की शपथ

इसके पहले उपस्थित ग्रामीणों व अधिकारी-कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंड को स्थापित करने, शासन को पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण हेतु प्रयास करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम स्थल में कृषि, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आदिवासी विकास और श्रम विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत ग्रामीणों को चेक, राशन कार्ड, सामग्री तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपी गई। इस दौरान 21 हितग्राहियों को राशन कार्ड दिया गया। महतारी वंदन योजना के तहत विष्णु की पाती का वितरण और वाचन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं अतिथि द्वारा पौध रोपण भी किया गया। कलेक्टर ने ग्राम भलेसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी तरह सभी विकासखंडों में सुशासन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## वाजपेयी के जन्मदिन पर विधायक ने किया अटल परिसर का भूमिपूजन

**महासमुंद।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाली अटल परिसर का महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राशि त्रिभुवन महिलांग अध्यक्ष नगर पालिका मौजूद रहे। सुशासन दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का वास्तविक विकास पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना होने के बाद हुआ और अटल के बताए मार्ग पर चलकर साय सरकार प्रदेशवासियों की प्रगति और समृद्धि के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासी आज जिस तरह से विकास की ओर बढ़ रहे हैं, यह अटल की ही देन है। जशपुर से वर्चुअल रूप से प्रसारित कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर विनय लंगेह, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैंकरा, तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, महेंद्र सिक्का, सीएमओ खीर सागर नायक मंच पर मौजूद थे। नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने देश के विकास के लिए अनेक योजना लागू की, जो कि वास्तव में विकास की मिसाल हैं। उन्होंने शासन द्वारा जनहित के लिए सौंपे गए दायित्वों को अक्षरशः पालन करने बात कही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद संदीप दीवान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की देन छत्तीसगढ़ राज्य को और अधिक समृद्ध बनाने की अपील करते हुए उनके व्यक्तित्व पर सारगर्भित बातों को साझा किया। मंचस्थ अतिथियों महेंद्र जैन, देवीचंद राठी, मीना वर्मा ने भारत रत्न वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।




**यह रहे मौजूद** : इस अवसर पर पार्षदगण महेंद्र जैन, माधवी सिक्का, मीना वर्मा, देवीचंद राठी, मनीष शर्मा, मुन्ना देवार, हफीज कुरैशी, हेमलता यादव, महेन्द्र सिक्का, संदीप दीवान, सतपाल पाली, प्रलय थिटे, हरबंश सिंह नानू भाई, देवेन्द्र चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, ऐतराम साहू, अमन वर्मा, कौशिल्या बंसल, हनीश बग्गा, सुधा साहू, नीलम दीवान, मुन्ना साहू, राकेश सचदेव एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक और हितग्राही उपस्थित रहे।

# जिले में पहुंचा दंतैल हाथी, 10 गांवों को किया गया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में हाथी की आमद ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। अभी हाल ही में बागबाहरा और पिथौरा के गांवों में हाथी की दस्तक ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया था। अब एक सिंगल दंतैल हाथी सिरपुर जंगल में पहुंच चुका है। वन विभाग ने 10 गांवों के लोगों का हाथी से अलर्ट रहने को कहा है।

महासमुंद वन विभाग के अनुसार, बुधवार को एक हाथी दंतैल जो इस क्षेत्र में लगे फसल को नुकसान पहुंचाते हुए आगे बढ़ रहा है और निगम के कक्ष क्रमांक 442, 443, 173, 175, 176 के आसपास के जंगल में विचरण कर रहा है। हाई अलर्ट महासमुंद ग्राम बोरिद, पासिद, चुहरी, अमलोर, मरौद, रायकेरा, सुकुलबाय, नांदबारु, केशलडीह, तथा खिरशाली के आसपास के ग्रामीण सतर्क रहने को कहा है। महासमुंद फारेस्ट विभाग ने बताया कि हाथी महासमुंद और बलौदा बाजार के सीमा में विचरण कर रहा है। आसपास के ग्रामों में कोटवार द्वारा मुनादी करवा दी गई है। ग्रामीणों से जंगल न जाने, सतर्क रहने और हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने की अपील की गई है।

# शादी का प्रलोभन देकर किया शोषण, फिर सहमति के बाद किया शादी से इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले युवक ने जब शादी करने से इनकार किया तो युवती ने आत्महत्या कर ली। लेकिन, इस मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज हुआ। मिली जानकारी के अनुसार युवक को परिजनों ने रंगे हाथ पकड़ा और युवक ने ग्रामीणों के समक्ष शादी का वादा किया, लेकिन मौका देखकर युवक गांव से फरार हो गया। ग्रामीणों की बैठक में बेआबरू हुई युवती ने शर्मिंदगी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मामला जिले के तेंदुकोना थाना क्षेत्र के ग्राम धामनतोरी का है। जहां 26 अक्टूबर को अर्जुन पिता स्व ठाकुर राम नामक युवक ने स्थानीय युवती को शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण करता रहा। सुबह 5 बजे युवती के परिजनों ने उसे छिपकर भागते हुए पकड़ लिया। युवक के परिजन उसे बचाने युवती के घर पहुंचे और युवती के परिजनों को मामला पुलिस में देने से रोका और शिक्षक अर्जुन दीवान के प्रस्ताव पर दोनों का विवाह करने की बात पर दोनों पक्ष राजी हो गए। 27 अक्टूबर को ग्रामीणों की बैठक में भी युवक ने शादी करने के लिए हामी भरी। बाद में युवक अर्जुन दीवान कुछ दोस्तों के साथ गांव से फरार हो गया। और युवती को कहा कि वह शादी नहीं करेगा। जिसके बाद युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला तेंदूकोना थाना पहुंचा और पुलिस ने मामले में पंचनामा कर लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवती के परिजनों ने पुलिस को ग्रामीणों की बैठक में हुए लिखित राजीनामा की कापी भी सौंप दी इसके बावजूद तेंदूकोना पुलिस ने मामले में कोई मामला दर्ज नहीं किया। परिजनों को मामले में न्याय का इंतजार है।

### बनियातोरा हर घर जल ग्राम घोषित

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर जल की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित ग्राम बनियातोरा में जल जीवन मिशन के तहत अद्वितीय उपलब्धि हासिल की गई है। 19 नवंबर 2024 को यह ग्राम हर घर जल ग्राम घोषित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस मिशन को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाते हुए ग्रामवासियों को जल संकट से राहत दिलाई। बनियातोरा गांव में 49.99 लाख रुपए की लागत से 40 किलोलीटर उच्चस्तरीय जलागार और 115 नल कनेक्शनों के माध्यम से हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने का सपना साकार हुआ। पहले गांव की महिलाएं और बच्चे 1 किलोमीटर दूर जोंक नदी या कुछ गिने-चुने हैंडपंप और कुओं से पानी लाने को मजबूर थे। बरसात में कीचड़ और गर्मियों में सूखे की समस्याएं गंभीर थीं। लेकिन अब, हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचने से महिलाओं और बच्चों को समय और स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। बच्चों को पढ़ाई और खेलकूद के लिए अधिक समय मिलने लगा। महिलाओं को पानी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिली। समय की बचत से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में भाग लेकर परिवार की आय बढ़ा रही हैं।

**दुर्घटना**





**महासमुंद।** साराडीह के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 353 में बने डिवाइडर से टकराकर बुधवार को एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि यहां पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। ट्रकों के खड़े होने के लिए बने जगह पर लोग अक्सर धोखा खा जाते हैं और कई वाहनें यहां दुर्घटना का कारण बन रही है।


**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969


**संतोषी मंदिर के पास नयापारा में शिवमहापुराण कथा का आयोजन**

# शिव की पूजा और महिमा से होगा मानव समाज का कल्याणः सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





स्थानीय संतोषी मंदिर नयापारा में आयोजित शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन प्रवचनकर्ता पंडित सुनील प्रसाद पांडेय ने भगवान शिव की पूजा और महिमा को समस्त मानव समाज का उत्थान और कल्याण का मार्ग बताते हुए श्रद्धालु श्रोताओं को बताया कि शिव की पूजा में हर समस्या का हल है। पूजा की महिमा का धर्मशास्त्रों में बहुत विस्तृत उल्लेख है। शिव की पूजा, भक्ति और धर्ममार्ग का अनुशरण करना हमारे जीवन के सभी दुखों और विषम परिस्थितियों के हल और निवारण करने का सर्वोत्तम विकल्प है। पंडित सुनील पांडेय ने शिव महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि देवी देवताओं, हमारे पूर्वजों, माता पिता और गुरुओं का हमारे जीवन में विशेष प्रभाव होता है। इनकी पूजा और सेवा सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की मार्ग प्रशस्त करता है। शिव की महिमा अपरंपार है और उनकी भक्ति में इतनी शक्ति है, हम सभी शिवजी को देवों के देव महादेव के नाम से पुकारते हैं। शिव सृष्टि का सार और स्वयं आदि अनंत है। शिवपूजन से सारे विघ्नों का हरण और कष्टों का निवारण होता है, यही उनकी भक्ति की शक्ति है। पंडित सुनील पांडेय ने बेलपत्र की महिमा बताते हुए कहा कि शिवपूजा में बेलपत्र का विशेष महत्व है और महादेव बेलपत्र अर्पित करने से भी प्रसन्न हो जाते है, इसलिए उन्हें आशुतोष कहा जाता है। बेलपत्र में जुड़ी तीन पत्तियों को ब्रम्हा, विष्णु और महादेव का प्रतीक माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि समुद्र मंथन के समय जब भगवान महादेव ने विष पिया था, तब गले के जलन और विष का प्रभाव कम करने उन्हें बेलपत्र चढ़ाया गया था, तभी से शिव को बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई। भोलेनाथ की पूजा में कोई सामग्री न हो तो भी वो बेलपत्र मात्र से ही प्रसन्न हो जाते है। पंडित ने विश्वमोहिनी प्रसंग में बताया कि महर्षि नारद की तपस्या से इंद्रदेव अपने इंद्रलोक के छीन जाने के भय से कामदेव को भेजा। परंतु, वो सफल नही हुए। कामदेव की पराजय की बात नारद ने महादेव को बताई और विष्णु से भी कहा। विष्णु भगवान ने माया से एक नगरी का निर्माण किया और सौदर्य की प्रतिमूर्ति के रूप में विश्वमोहिनी के स्वयंवर की रचना की। नारद विश्वमोहिनी के सौदर्य से मोहित होकर स्वयंवर में पहुंचे, जहां विश्वमोहिनी ने भगवान विष्णु का वरण किया, तब नारद को ज्ञान बोध हुआ कि यह उनकी तपस्या को रोकने के लिए स्वयं ईश्वर की रचाई लीला थी। शिवकथा के दौरान शिव की भक्ति पर आधारित संगीतमय भजनों पर श्रोता श्रद्धालु शिव आराधना में झूमते गाते रहे। दूसरे दिन की शिवकथा में नयापारा क्षेत्र के शिवभक्त उपस्थित रहे।


**आवश्यकता है**

हरिभूमि

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

**रिपोर्टर (2 पद)**

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

**अनुभवी को प्राथमिकता**

**(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)**

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प 27 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 27 दिसम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 150 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### शराब दुकान के पास चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** शराब दुकान के पास चाकू लहराते लोगों को डरा धमका रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी।



■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

इसी दौरान मुखबीर से रूद्री रोड स्थित शराब दुकान के पास एक युवक द्वारा धारदार चाकू लहराने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल शराब दुकान के पास पहुंची। यहां एक युवक धारदार चाकू लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मनीष साहू पिता लक्ष्मीनारायण उम्र 25 वर्ष रामसागरपारा निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी को आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# सिंचाई क्षमता में होगी वृद्धि, किसानों को मिलेगी राहत : योगेश्वर

### कोडार परियोजना के अंतर्गत नहरों के जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के कोडार परियोजना के अंतर्गत बड़गांव वितरक एवं उसके 20 माइनर नहरों का जीर्णोद्धार पक्के कार्यों का उन्नयन एवं लाइनिंग कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि जिले के सबसे बड़े बांध कोडार किसानों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के लिए वरदान है। बांध से किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिलता है तो आसपास के गांवों को गर्मियों में निस्तारी के लिए भी पानी दिया जाता है। इसी सिंचाई क्षमता को बढ़ाने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा उन्नयन कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। कोडार




परियोजना के अंतर्गत बड़गांव वितरक एवं उसके 20 माइनर नहरों का जीर्णोद्धार पक्के कार्यों का उन्नयन एवं लाईनिंग कार्य के लिए करीब 16.99 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। प्रस्तावित कार्यों के उपरांत योजना की रूपांकित सिंचाई क्षमता 3667 हेक्टेयर में 675 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार पूरे प्रदेश की जनता के लिए विकास कार्य कर रही है। प्रदेश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक हर योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही किसानों को सशक्त करने की दिशा में भी व्यापक कदम उठा रही है।

# बेलसोंडा में मनाया गया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर अपनी टीम के साथ सुशासन दिवस मनाया। सरपंच श्रीमती चंद्राकर ने अटल बिहारी बाजपेयी को याद करते हुए बताया कि अटल भारतीय राजनीति के भीष्म पितामह थे। संसद भवन में उनकी उपस्थिति मात्र से ही भारत का दर्शन हो जाता था। क्योंकि, उनको देश के सभी राजनीतिक दल सम्मान की दृष्टि से देखते थे। संसद सत्र में उन्होंने चैलेंज किया था कि भाजपा की मात्र दो सीट एक समय में 200 सीट लाएगी, उनका आत्मविश्वास का ही परिणाम है कि आज लोकसभा में



भाजपा की 247 सीटें है। उनकी सुशासन की संकल्पना को आज हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे है। सरपंच के साथ सचिव नेहा उपाध्याय, पंच प्रकाश साहू, त्रिवेणी चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, हेमा साहू, सरस्वती साहू, मीनू चंद्राकर, ईशा धीवर तथा समर्थक शत्रुघ्न साहू, उदेराम साहू एवं सनत धीवर उपस्थित रहे।

# रामानुजन जयंती पर किया गया गणितीय मॉडल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के तत्वावधान में सरस्वती ग्राम गंगा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर गणित आनंद मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार कोमाखान हरिशकांत ध्रुव थे। अध्यक्षता नीलकंठ चंद्राकर संचालन समिति अध्यक्ष कसेकेरा, विशेष अतिथि प्रेमचंद डड़सेना प्रधान पाठक शापूमाशा खुसरूपाली, खेमचंद चक्रधारी गणित शिक्षक हाथीबाहरा, नंदकुमार चंद्राकर व्यवस्थापक, अनसुईया देवी साहू संस्थान प्रतिनिधि व संस्था के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार साहू रहे।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ऊं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप



प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में भैय्या बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनीय गणितीय आधारित प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसमें पकवान, चित्र-चार्ट, चित्रकला, माडल प्रदर्शन, रंगोली आदि गतिविधियां शामिल रहा, जो बहुत ही आकर्षित रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन कक्षा षष्ठ की छात्रा अनन्या तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में यदि उंचाई प्राप्त करना है तो हमें एक गोल आधारित अध्ययन की आवश्यकता है, तभी हम अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं। इसी प्रकार सभी अतिथियों ने अपने-अपने उद्बबोधन में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम व अपने लक्ष्य प्राप्ति पर जोर दिया। कार्यक्रम की समाप्ति संस्था के सचिव ने आभार व्यक्त कर किया। साथ ही अतिथियों द्वारा छात्रों द्वारा बनाए गए चित्र, रंगोली, पकवान, चित्र -चार्ट, मॉडल आदि का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित प्रमुख टिकेलाल चक्रधारी, दिनेश कुमार साहू, हेमलाल यादव, गिरवरलाल साहू, मीना लाल चक्रधारी, टेकराम निषाद, रूपेंद्र कुमार साहू, धनेश्वर साहू, नरेंद्र टंडन, हेमलाल पटेल, देवनारायण साहू, नरेंद्र ठाकुर, भारती साहू, थानेश्वरी साहू, ओमकुमारी साहू, सरस्वती यादव, वर्षा गोस्वामी, सुंदर चक्रधारी आदि का सहयोग रहा।



### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लाफिनखुर्द के छात्रों ने देखा महानदी का उद्गम स्थल

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लाफिनखुर्द के छात्रों एवं आचार्यो द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ की प्रमुख नदी महानदी का उद्गम स्थल व शृंगी ऋषि के आश्रम, सिहावा पर्वत का भ्रमण किया। उसके बाद गंगरेल बांध, अंगार मोती व बिलई माता धमतरी का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्राचीन सभ्यता, ऐतिहासिक, भौगोलिक व सांस्कृतिक ज्ञान प्राप्त किया। भ्रमण में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के व्यवस्थापक रेखराज साहू, संस्था के प्रधानाचार्य मंजूषा साहू, आचार्य लोकेश सेन, रूपेश साहू, आचार्या गीतेश्वरी साहू, शीतल ध्रुव, नमिता साहू, अनिता साहू, झरना साहू, हीना यादव, पूर्व आचार्य गोवर्धन साहू, वीरेंद्र ध्रुव, शिव कन्नौजे, शिक्षण समिति के अध्यक्ष लोकनाथ साहू साथ में रहे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों से की गई बौद्धिक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भौंरादादर में आयोजित हो रहा है। इस शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ प्रातःकाल योगा एवं प्राणायाम अभ्यास के साथ शुरुआत हुआ। योगाचार्य कन्हैया लाल पटेल प्रज्ञा मंडल सागरपाली द्वारा विभिन्न प्रकार के आसनों, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया एवं उसकी विधि उसका लाभ को भी सरल एवं सहज तरीके से बताया गया। प्रातःकाल के योगाभ्यास में सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने अपनी सहभागिता दी। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में रैली निकालकर स्वच्छता जागरुकता रैली, नशामुक्ति जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। बौद्धिक चर्चा में नरेंद्र पटेल सीनियर इंजीनियर डिपार्टमेंट प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी कंपनी की एयरोस्पेस ने अपनी पढ़ाई जीवन से लेकर अब तक के अपने अनुभवों बताया। स्वयंसेवकों के बीच बहुत




ही सुंदर सवाल जवाब किया गया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से आए साकेत कुमार एवं यशवंत गिरी ने गायत्री महामंत्र द्वारा अपनी उद्बोधन की शुरूआत किए और आजकल के दुनिया में साइबर क्राइम से होने वाले नुकसान एवं बचाव, सजकता पर विशेष ध्यान देने के लिए स्वयं सेवकों से चर्चा कर अपना अनुभव साझा किए। बौद्धिक चर्चा के दौरान दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर के छात्र रह चुके यू अली शिक्षक ने स्वयंसेवकों को परीक्षा की तैयारी कैसे करें एवं आत्मनिर्भर कैसे बने पर विशेष चर्चा की। केके नायक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र एवं शिक्षक अमित कुमार चौरसिया ने किया। बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम में शिविर संचालक गजपति पटेल प्राचार्य दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर, कार्यक्रम अधिकारी आरके पटेल एवं आरआर पटेल, श्याम सुंदर चौधरी प्रहलाद पटेल, ईश्वर प्रसाद पटेल एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### अमनपुरी में रामचरित मानस गान का आयोजन

**कोमाखान।** कार्तिक पूर्णिमा पर खल्लारी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम अमनपुरी में श्रीराम चरितमानस गान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में समाज सेवक व भाजपा नेता नवीन पटेल ने श्रीराम दरबार एवं शिवशक्ति की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की मंगलकामना की। नवीन ने सनातन धर्म प्रेमियों को कार्तिक पूर्णिमा की बधाई देते हुए कार्तिक पूर्णिमा में स्नान, दान, अराधना के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीराम के नाम की महिमा अपरंपार है। श्रीराम मंगलकारी व अमंगलहारी हैं। ऐसे शुभ अवसर पर श्रीरामचरित मानस गान के धार्मिक आयोजन निश्चित ही मानव के लिए कल्याणकारी है। इस अवसर पर नवीन पटेल के साथ आनंद चक्रधारी, गोपाल किशन पटेल, भोज चक्रधारी, परमेश्वर पटेल, देवेंद्र चक्रधारी, परमेश्वर यादव, पतिराम साहू, दिल्लीराम यादव, रेखराम चक्रधारी, धनेश साहू, राजू टांडी, रामेश्वर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# संत बाबा गुरु घासीदास के संदेश का अनुसरण करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरु घासीदास जयंती पर बुधवार को शहर के पिटियाझर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिलांग दम्पति नपाध्यक्ष राशि महिलांग व पूर्व नपा उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता त्रिभुवन महिलांग शामिल हुए। सवप्रथम उन्होंने जैतखाम में पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा है कि बाबा ने समाज को एक सूत्र में पिरोए रखने के लिए मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। बाबा ने समाज से सदा सत्य मार्ग पर चलने का संदेश दिया है, जिसका अनुसरण आज समाज में लोग करने की जरूरत है। पूर्व नपा



उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास को आज प्रत्येक व्यक्ति को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत हैं। उनके द्वारा मानव समाज के लिए दिए गए संदेश आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में अमर दास बघेल, बुधराम कुर्रे, मानसिंह, पार्षद डमरूधर मांझी, राजू चंद्राकर, सुखदेव आवड़े, लाला राम कुर्रे, अरविंद प्रहरे, राजेश रात्रे समेत अन्य उपस्थित रहे।

### रावत जाति को लेकर अधिकारियों ने ली बैठक

**सरायपाली।** नगर के न्यू सर्किट हाउस में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव वीरू कुमार साहू, सहायक अनुसंधान अधिकारी अनिता डेकाटे, ओमप्रकाश सिन्हा का जाति अनुसंधान के लिए आगमन हुआ। इस बैठक में आयोग की टीम द्वारा यादव समाज से संबंधित रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में समावेशन के संबंध में समाज के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। आयोग द्वारा रावत जाति के रहन-बसन, सांस्कृतिक, सामाजिक आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी ली गई। बैठक सहयोगात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। बैठक में प्रमुख रूप से ध्रुव मलिक, रथराम यादव, छालोराम यादव, नरेंद्र कुमार यादव, दासरथी यद्धु, पवन कुमार यादव, दुर्बादल दीप, कृष्णो टाणी, सुरेंद्र भोई, विजय यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव, भोजराज यादव, दिलीप यादव, जय यादव, संजय यादव, करण यादव, लोकेश यादव, सूरज यादव, रोहित यादव, उसत यादव, सुकल यादव, मयंक यादव आदि सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# डाइट में हुआ हिंदी और सामाजिक विज्ञान का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हिंदी एवं सामाजिक विज्ञान प्रशिक्षण हुआ

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में तीन दिवसीय सामाजिक विज्ञान एवं हिंदी विषय अध्यापन कराने वाले व्याख्याताओं का प्रशिक्षण (ऑफ लाइन) प्राचार्य मीना पाणिग्राही एवं प्रशिक्षण प्रभारी अरुण प्रधान सहायक प्राध्यापक के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद का प्रतिनिधित्व करते हुए सहायक संचालक सतीश नायर ने कहा कि सामाजिक विज्ञान एवं हिंदी जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण नई शिक्षा नीति 2020 के मंशा के अनुरुप सतत व्यावसायिक विकास करने में सहायक होगा।




उन्होंने कहा कि कुशल मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नवीन तकनीकों व सहायक शिक्षण सामग्री के माधयम से नई जानकारी दी गई होगी, जो बच्चों के लिए लाभदायी साबित होगा। प्रशिक्षण प्रभारी सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने कहा कि शिक्षकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण विषयगत ज्ञान को और अधिक सुदृढ़ करेगा। सामाजिक विज्ञान विषय प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन ने बताया कि हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अध्यापन कराने वाले व्याख्याताओं को चार दिवस ऑनलाइन एवं तीन दिवस ऑफलाइन मोड़ में प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि नवीन विधि एवं प्रविधियों से माध्यमिक स्तर के बच्चों को आसानी से अध्यापन कराया जा सकता है। इस अवसर पर व्याख्याता सुमन दीवान, तिलोतमा प्रधान (हिंदी विषय) ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि लर्निंग आउट कम्स पर समझ विकसित करना होगा, जिससे विद्यार्थी विषय की बारीकियों से अवगत हो सके। विषय विशेषज्ञ राजकुमार गेंड्रे (सामाजिक विज्ञान), जिला दुर्ग का समापन अवसर पर विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सामाजिक विज्ञान विषय के लिये मास्टर ट्रेनर तुलेंद्र सागर (बेमचा) महासमुंद, पुरुषोत्तम चंद्राकर (बागबाहरा) हिंदी विषय के लिए भारत सिंह साहू (महासमुंद) वशिष्ठ प्रधान का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिक्षा में सूचना व संचार विषय पर डाइट से ईश्वर चंद्राकर विषय विशेषज्ञ द्वारा ध्यान आकृष्ट कराया गया। प्रशिक्षण की सफलता में सहायक प्राध्यापक के सिंग, राजेश चंद्राकर, उमादेवी शर्मा, कमलेश पांडेय, संतोष साहू, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, झरना साहू सहित कार्यालयीन स्टाफ से आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, अजय, उदित, हीरामन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टेकराम सेन एवं आभार प्रदर्शन सुमन दीवान ने किया।

# बागबाहरा प्रीमियर लीग के समापन पर पहुंचे अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बागबाहरा प्रीमियम लीग के मैच के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी पर थे। स्वागत पश्चात अपने अतिथि उद्बोधन में अंकित ने कहा कि इस ऐतिहासिक रावण भाठा मैदान पर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चौहान ने भी क्रिकेट खेला है और आज भी यहां से अच्छे खिलाड़ी निकल रहे हैं। लगभग 9 साल बाद हो रहे ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में आज श्रीके ने



एफसी 11 को हराया। अंकित ने कहा कि अनिश्चितताओं से भरे इस मैच में अच्छे खेल की जीत होती है। युवाओं को नशे से दूर एक अच्छी सेहतमंद जिंदगी जीने की ओर अग्रसर होने का निवेदन किया और खेल और खिलाड़ियों के लिए सदैव मौजूद रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा के खिलाड़ियों के साथ-साथ कार्यक्रम के अध्यक्ष युवा व्यवसाई आकाश जैन, चुन्नी साहू, कैलाश सिका, कमलेश गिरी, पोलेश मिश्रा, सोहित तिवारी, तुलेश कुमार सिन्हा, विकास चंद्राकर, दामू बघेल, सुधांशु राजपूत, आकाश साहू, टीकाराम पटेल, कीर्तन मिश्रा, ब्रजेश ठाकुर, चंदन कल्लू, रोहित साहू, विजय सिदार, धर्मेंद्र देवांगन, देवव्रत राई, सत्यम वैष्णव आदि उपस्थित रहे।




### अटल की जयंती को मनाया गया सुशासन दिवस

**बसना।** नगर पंचायत बसना के वार्ड क्रमांक 15 में बुधवार को भारत रत्न और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल ने वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। डॉ. अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विकास के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए, जिनकी आज भी सराहना की जाती है। अटल एक प्रखर वक्ता और कवि भी थे, जिनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, अटल थे, अटल हैं, और अटल रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों और महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, निज सचिव सूरज सिदार, नगर पंचायत सीएमओ महेंद्र सिंह अरोड़ा, वरिष्ठ पत्रकार सेवक दास दीवान, आरके दास, अभय धृतलहरे, अरुण साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष ने चर्च पहुंच कर की प्रार्थना...



**महासमुंद।** बुधवार को क्रिसमस डे के अवसर पर नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने तुमगांव रोड स्थित कैथोलिक चर्च पहुंच शहर में अमन-चैन के लिए कैंडल जलाकर प्रभु यीशु से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने पर्व के अवसर पर प्रार्थना के लिए पहुंचे मसीही समाजजनों से मुलाकात की।

## आयोजनः सुशासन दिवस पर नपं तुमगांव में अटल परिसर का भूमिपूजन

# अटल ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर तुमगांव को विकास की धारा से जोड़ाः रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पंचायत तुमगांव के भाटापारा वार्ड सामुदायिक भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस पर अटल परिसर का भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी थीं। अध्यक्षता विधायक राजू सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथियों में नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, नपं उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, भाजपा नेता मोती साहू, चैनू साहू, सभापति धर्मेंद यादव, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र गिरी, पार्षद गंगा निषाद, उदयराम साहू, सुनील शर्मा, केके साहू, राजकुमार नेताम, कमल आदि रहे।

स्वागत उद्बोधन में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा कि आज पूरा छत्तीसगढ़ पूर्व प्रधानमंत्री अटल की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रहा है। तुमगांव में भी हम सभी उस महान व्यक्तित्व का स्मरण कर रहे हैं, जिसने हमें छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी। उन्होंने पिछले पांच सालों में नपं क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नपं क्षेत्र के 30 एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराकर नगर पंचायत के लोगों के लिए अनेक निर्माण कार्य उस भूमि पर कराया गया है। आगामी समय में 10 एकड़ भूमि को और कब्जा मुक्त करना है। पिछले 5 सालों में अस्पताल, एनीकट, जलावर्धन योजना, सड़क, नाली, मूलभूत सुविधाओं के कार्य हुए।

मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सुशासन का अर्थ है सबका साथ सबका विकास। जिसे भाजपा अपना ध्येय वाक्य बनाकर काम कर रही है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सतत विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने अटल को याद करते हुए कहा कि अटल ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। जिसका परिणाम स्वरूप आज तुमगांव जैसे छोटे गांव नगर पंचायत बना। जहां अनवरत विकास कार्य हो रहे हैं। पीएम मोदी की सोच है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने। इसके लिए अनेक योजनाएं संचालित है। जिससे देश का प्रत्येक नागरिक समृद्ध बन सके। विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी। अटल ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया।

वे सबका साथ सबका विकास की सोच रखते थे, जिसे आज केंद्र की मोदी सरकार व राज्य के विष्णु देव सरकार पूरा कर रहे हैं। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष पप्पू पटेल ने भी संबोधित किया। संचालन पार्षद उत्तम निर्मलकर व धर्मेंद यदु ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर समस्त पार्षद गण, सीएमओ क्षीरसागर नायक सहित नगर पंचायत के कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, महिला पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर नवनिर्मित अटल परिसर का भूमिपूजन किया। उक्त परिसर में स्व. अटल के भव्य कांसे की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। 20 लाख रुपए की लागत से अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने किया।

### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाया सुशासन दिवस

## वाजपेयी ने प्रधानमंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना सहित किए कई अहम कार्यः सम्पत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुरचुंडी में बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किए तथा भाजपा कार्यकर्ता एवं अधिकारी व कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलवाई।

विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए धान का कटोरा के नाम से विख्यात हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना करने के साथ साथ कई अहम कार्य भी किए हैं, जिनकी आज भी लोग सराहना करते हैं तथा समूचा देश सम्मान पूर्वक स्मरण करता है। उन्होंने कहा कि वाजपेयी कवि होने के साथ-साथ प्रखर वक्ता भी थे। ऐसे में हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अटल थे, अटल है, अटल रहेंगे। इस दौरान उन्होंने सांकरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों एवं महिलाओं का सम्मान किए।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय रमेश अग्रवाल जितेंद्र त्रिपाठी, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, भाजपा मंडल गढफुलझर मंडल अध्यक्ष नरहरी पोर्ते, पूर्व मंडल अध्यक्ष माधव साव, सरपंच गुलापी भोज साव, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, महामंत्री गण प्रहलाद साहू, नरेंद्र साहू, हरजिंदर सिंह, गढफुलझर सोसायटी अध्यक्ष कमलेश साव, नवीन साव, राकेश प्रधान, बाबूलाल काशी, हेमचंद्र साव, जितेंद्र सिंह, योगेश साव, गजानंद पांडे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

### परकोम में मनाया गया सुशासन दिवस



**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत परकोम में छग राज्य निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर बुधवार को सुशासन दिवस के रूप मनाया गया। वे एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निःस्वार्थ समाजिक कार्यकर्ता, कवि, साहित्यकार और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। अटल चौक पर पूजन अर्चन व फूल अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई। इस दौरान सरपंच चिंतामणि चंद्राकर, पुरुषोत्तम पटेल, नेतराम पटेल, परमेश्वर पटेल, गजेंद्र मुकेश ध्रुव, खेलावन, भोज पटेल, कुलेश्वर पटेल आदि मौजूद रहे।

## सुशासन और छग राज्य निर्माण के अग्रदूत रहे अटलः विमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



25 दिसंबर को स्थानीय वार्ड 7 बूथ 181 में पूर्व प्रधानमंत्री, छग राज्य निर्माता एव भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ विमल चोपड़ा, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नेता प्रतिपक्ष स्थानीय पार्षद मीना वर्मा सहित उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने अटल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सुशासन कार्यकाल का पुण्य स्मरण किया। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने वाजपेयी के सुशासन काल का उल्लेख करते हुए कहा कि जनसंघ से लेकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भारत देश की उन्नति प्रगति और विकास के लिए अटल ने राष्ट्र और जनहित के लिए जो कार्य वो हम सब के लिए अनुकरणीय है। यह समय अटल की जन्मशताब्दी का है। भारतीय राजनीति के युगपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी प्रखर ओजस्वी वक्ता, सिद्धांत और स्वाभिमान की राजनीति के लिए आज भी लोकप्रिय जननायक के रूप में हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। विमल ने उनके कार्यकाल में हुए छग राज्यनिर्माण को छत्तीसगढ़ वासियों के अस्मिता और स्वाभिमान के लिए अनुकरणीय पहल बताते हुए गांव, गरीब मजदूर किसानों के हित में समर्पित कार्यो की जानकारी दिया और अटल के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्षद हफीज कुरैशी, जिला मीडिया प्रभारी शक्ति केंद्र संयोजक गोपाल वर्मा, महिला मोर्चा प्रभारी पार्वती साहू, बूथ अध्यक्षगण सुनीता साहू, भगवती करकसे, महेश चौहान, किशन बरिहा, हेमकांति देवांगन, ललित मांझी, सरिका यादव, अमृत पाटकर, कुमारी सोनी, राधा शर्मा, शत्रुघन यादव, हन्नु साहू, सुरेंद्र यादव, ओमकार गोस्वामी, अनिता ठाकुर, सुनीता, पार्वती जलक्षत्री, महेश सोनी, छोटेलाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



### अटल परिसर का किया गया भूमिपूजन

**बागबाहरा।** 25 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 100वीं जयंती पर बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 में पेट्रोल पंप के पास राशि 28.16 रुपए लाख की लागत से अटल परिसर निर्माण कार्य का शिलान्यास विष्णुसाय मुख्यमंत्री एवं अरुण साव उपमुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल भूमिपूजन किया गया। मंच पर हीरा सेतराम बघेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा एवं स्मिता हितेश चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा मौजूद रहे। कार्यक्रम में दीपक यादव उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा, डिंपल ध्रुव भाजपा मंडल अध्यक्ष, मोगेश चंद्राकर पार्षद, सूर्य कुमार देवांगन पार्षद, लोकेश्वर चंद्राकर पार्षद, मदन देवांगन, हितेश चंद्राकर, नीरज सोनी, नितेश पांडे, भावेश पुरोहित, अशोक दीप, सत्यनारायण तांडी, डीएल बर्मन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, शशि प्रताप सिंह, उप अभियंता एवं समस्त नगरपालिका के कर्मचारीगण एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## बागबाहरा में मनाया गया सुशासन दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भाजपा मण्डल बागबाहरा (शहर) में पूर्व प्रधानमंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कार्यक्रम के संयोजक भोजनाथ देवांगन के प्रभार में आयोजित कार्यक्रम में जिला मंत्री शंकर तांडी, नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू, जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, हरमीत सिंघ बग्गा, सत्यनारायण तांडी, चंद्रशेखर ध्रुव, जसराज बाला चंद्राकर, आबिद खान, हितेश चंद्राकर, सुरेश नरेडिया, कुलेश देवांगन, तुलसी यादव, हरिराम चंद्राकर, बृजेश गुप्ता, मोगेश चंद्राकर, भीखम ठाकुर, योगेश चिंदा, सुरेश महंती, अजीत तांडी, नीतेश पांडेय, राजा देवांगन, मोहन बघेल, महेश वैष्णव, नीरू मानिकपुरी, भावेश पुरोहित, मोहन सागर, नंदू सोनी, हितेन्द्र देवांगन सहित भाजपा कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।

### अटल ने देश को परमाणु शक्ति से संपन्न बनायाः प्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के नेतृत्व में प्रकाश फैंस क्लब द्वारा बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अटल की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने अटल के योगदान और व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति से संपन्न कर देश को दुनिया के अग्रिम पंक्ति में स्थान दिलाया। अटल के विचारों के अनुसार, देश को हर स्थिति में प्रथम रखना ही सुशासन है। हमें उनके व्यक्तित्व का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष सहित राजू बाघमारे, संतोष वर्मा, विक्की महानंद, गोपाल चंद्राकर, जनक साहू, शिवा निषाद, गौरव भारद्वाज, हिमांशु तिवारी, विक्की सचदेवा, मोंटी साहू, बल्ला पटेल सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य केंद्र में जन औषधि केंद्र की हुई शुरुआत

**सरायपाली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय आनंद कोसरिया के मार्गदर्शन में विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह, फार्मासिस्ट अनिल पाढ़ी के सहयोग से भूतपूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्व. मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वस्थ केंद्र सरायपाली में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल द्वारा फीता काट कर किया गया। सीएचसी को 20 डस्टबिन भी उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अमित भोई, वीणा मेश्राम, तिलोत्मा पटेल, नवीन साहू आदि मौजूद रहे।

### सुशासन दिवस पर मरीजों को बांटे गए फल

**बागबाहरा।** भाजपा मंडलल बागबाहरा (शहर) द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री व छग राज्य के निर्माता भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक भोजनाथ देवांगन, जिला मंत्री शंकर तांडी, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डिम्पल ध्रुव, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, हरमीत सिंह बग्गा, सत्यनारायण तांडी, चंद्रशेखर ध्रुव, जसराज बाला चंद्राकर, आबिद खान, हितेश चंद्राकर, सुरेश नरेडिया, कुलेश देवांगन, तुलसी यादव, हरिराम चंद्राकर, बृजेश गुप्ता, मोगेश चंद्राकर, भीखम ठाकुर, योगेश चिन्दा, सुरेश महंती, अजीत तांडी, नीतेश पांडेय, राजा देवांगन, मोहन बघेल, महेश वैष्णव, नीरू मानिकपुरी, भावेश पुरोहित, मोहन सागर, नंदू सोनी, हितेन्द्र देवांगन आदि मौजूद रहे।

### सुशासन दिवस पर अटल के कार्यों को किया याद

**बसना।** सिरको में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोहन पटेल (सभापति) की उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ। ग्राम प्रमुख सरपंच बंशीधर सिदार, उप सरपंच उत्तर तरीहा, सचिव निराकार पटेल, रोजगार सहायक रमेश ध्रुव और ग्राम पंचगण नंदलाल नाग, महेश सिदार, ज्ञान प्रकाश दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में अटल के योगदान को याद कर उनकी पूजा-अर्चना की गई। साथ ही स्वच्छता और नशामुक्ति को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने गांव को स्वच्छ और नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने का भी जश्न मनाया गया और सुशासन के महत्व को रेखांकित किया गया। ग्रामीणों ने अटल की प्रेरणादायक नीतियों और विचारों का अनुसरण करने का आह्वान किया।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को मनाया सुशासन दिवस, कार्यों का किया स्मरण



**सरायपाली।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रोहिना में किसानों द्वारा एवं अटल चौक में ग्रामीणों द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सहकारी समिति बिछिया के प्राधिकृत अध्यक्ष कृष्ण कुमार नायक ने विष्णु की पाती का वाचन करते हुए बताया गया कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शपथ ग्रहण के एक पखवाड़े के भीतर ही दो वर्ष का बकाया बोनस राशि देने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के मुताबिक 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी जा रही है। इस अवसर पर नेपाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ बनाने में अटल बिहारी वाजपेई का बहुत बड़ा योगदान है। साथ ही गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का क्रियान्वयन कर हर ग्रामीणों के दिलों में जगह बनाई है। सहकारी समिति रोहिना के अध्यक्ष बनितराम सिदार ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं किसान होने के नाते किसानों की दुख दर्द को समझते हुए उनकी मेहनत और उपज का वाजिद दाम दिलाने का काम किया है।

रोहिना सरपंच जज्ञसिनी साहू ने कहा कि सरकार ने महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रुपए प्रति माह देकर माता बहनों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का काम की है। इस अवसर पर सरकारी समिति लंबर प्राधिकृत अध्यक्ष उत्तर कुमार निषाद, समिति प्रबंधक सीताराम चौधरी, चंद्र कुमार पटेल, भूमि सिदार, गणेश राम पटेल, कमलेश साहू, जागेश्वर चंद्रा, मनबोध मिरी, मोहन नेताम, घनश्याम श्रीवास, हेमंत यादव, प्रदीप पटेल, सचिव उसत कुमार, त्रिनाथ सेठ, हीरालाल साहू, नरेंद्र साहू, रमेश चौहान, विशांबर पोटा, घनश्याम श्रीवास, हेमंत यादव, प्रदीप पटेल आदि उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## खरोरा में मनाई गई तुलसी जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता तुलसी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर माता तुलसी की पूजा अर्चना की गई। उतरा चंद्राकर ने बताया कि माता तुलसी की पूजा करना शुभ माना जाता है। इस दिन माता तुलसी को समर्पित है। हिंदू धर्म में बड़ा महत्वपूर्ण है। इस दिन व्रत रखने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है।




## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी को जयंती पर नमन किया। जिसमें ग्राम पंचायत के सचिव चंद्रमनी चंद्राकर, ग्राम सेवक बाबूलाल, पंच मनोज चंद्राकर, पंच संजय साहू, कौशल चंद्राकर, महेंद्र सूर्यवंशी, राम प्रसाद चंद्राकर समेत ग्रामीणों ने उपस्थित रहे। चंद्रमनी ने कहा कि अटल का पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित था। वे एक कुशल वक्ता और राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में देश का नेतृत्व किया और अपने कार्यकाल में देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया था।



## झलप में भाजपाइयों ने मनाया अटल का जन्मदिन

**महासमुंद।** भाजपा झलप मंडल के ग्राम पंचायत झलप 60 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें भाजपा नेता राकेश साहू, युवा मोर्चा महामंत्री व बूथ अध्यक्ष दीपक मोंगरे, बाबूलाल पटेल, हीरालाल देवांगन, रवि निर्मलकर, किस्मत निषाद, जनक राम देवांगन, विनोद यादव, देवमन देवांगन, रामकृष्ण ध्रुव, रमेश चौहान, पीतांबर बरिहा, कुंवर सिंह बरिहा, परमानंद देवांगन मौजूद रहे।



## भोरिंग में आस्था का महिला सम्मेलन व जागृति कार्यक्रम

**महासमुंद।** आस्था सोशल संस्था व सोहम हॉस्पिटल लभरा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम भोरिंग में एक दिवसीय महिला सम्मेलन सह जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर खेलकूद-सांस्कृतिक कार्यकम के साथ सामाजिक-आर्थिक उत्थान पर जोर दिया गया। साथ ही क्षेत्र की पांच उत्कृष्ट महिला समूहों को सिलाई मशीन देकर महिलाओं का सम्मान किया गया।

### आयोजन: शिक्षा के प्रति जागरुक रहकर सफलता हासिल करने किया प्रेरित

# महाविद्यालय में ओपन स्टेडियम व नवीन भवन निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय खे.ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में ओपन स्टेडियम व नवीन भवन निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूप कुमारी चौधरी, अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के पूर्व विधायक परेश बागबाहरा एवं प्रीतम सिंह दीवान रहे। इसी प्रकार विशेष अतिथि के रूप में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अलका नरेश चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव, पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शंकर तांडी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, भोजनाथ देवांगन पूर्व पार्षद एवं छात्र नेता, हेमंत तिवारी संयोजक खल्लारी विधानसभा सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित रहे। लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने महाविद्यालय को हर प्रकार की सुविधा प्रदान करने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल करते हुए महाविद्यालय एवं अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करने की सीख दी। अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में सीख देते हुए कहा कि कोई भी विषय छोटा या बड़ा नहीं होता, अपने पसंद के विषय में अच्छी योग्यता रखते हुए एक अच्छी मंजिल पाने के प्रति प्रतिबद्ध रूप से आगे बढ़ने का समझाइश दी।




इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रश्मि मिंज ने अपने महाविद्यालय को एक सभागार, अत्याधुनिक लैब की मांग रखी, जिसे सांसद ने स्वीकृति प्रदान की। शिक्षा के क्षेत्र में इस महाविद्यालय के नाम को गौरवान्वित करने का भरकस प्रयास कर महत्व देते हुए प्राध्यापकों का सहयोग की सराहना करते हुए महाविद्यालय को अंचल में प्रसिद्धि दिलाने का पुरजोर प्रयास करने की बात कही। हमारा महाविद्यालय खेल शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहा है, जिसमें महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य बीएस ठाकुर, एसजी रात्रे, डॉ. लक्ष्मण सिंह साहू, एकता रानी मक्कड़, डॉ. खिलावन पटेल, धनुर्जय साहू, सहायक प्राध्यापक सहित महाविद्यालय के समस्त अतिथि प्राध्यापक उपस्थित रहे। अंत में सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत डॉ. केके साहू एवं डॉ.चार्ल्स लियोनार्ड के मार्गदर्शन पर कार्यक्रम संचालित हुआ। मंच संचालन कोमल नारायण मेश्राम ने किया। अंत में प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि निकट भविष्य में हमारे महाविद्यालय नवीन भवन इंडोर स्टेडियम, अत्याधुनिक लैब से सुसज्जित शिक्षा के प्रति छत्तीसगढ़ में अपना महाविद्यालय अग्रणी स्थान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी।

## नारी सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगी महतारी वंदन योजना:सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर विधानसभा क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित महतारी वंदन लाभार्थी सम्मान सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि आज मैं महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं के बीच उपस्थित होने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। नारी सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है मोदी की गारंटी से प्रदेश में तरक्की का रास्ता खुल गया है। इस कार्यक्रम में, महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं को सम्मानित किया गया। महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद सरायपाली वार्ड क्रमांक 12 स्थित संस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरला कोसरिया, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, कुमारी भास्कर, अध्यक्ष जनपद पंचायत, जयंती जय लाल पटेल, सभापति महिला एवं बाल विकास दंडधर साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष केदुआ, जालंधर प्रधान अध्यक्ष किसान मोर्चा, विपिन उपवेजा, जयलाल पटेल, हेतराम भोजराज करता यूनियन संघ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथी बड़ी संख्या में महतारी बंदन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाली महिलाएं भी उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं का गोद भराई किया गया। पल्लवी राजपूत शिवानी रतिया वनिता यादव एवं अन्नप्राशन गुंजन यादव का किया गया। साथ ही



महतारी वंदन योजना के तहत लाभार्थियों होने वाले हितग्राही उपस्थित रहे। जिसमें वीणा चौहान, सुमित्रा हीरा, प्रेमबाई साहू, सीता पांडे , रुक्मणी यादव, सुरेंद्र यादव, उर्मिला यादव, देवकी प्रधान, पुष्प लता सारथी, कविता यादव उपस्थिति रही। कुमारी भास्कर अध्यक्ष द्वारा भी महतारी वंदन योजना से लाभान्वित होने वाली हितग्राहियों को खुश पाकर बहुत ही उत्साहित रही। अंत में चंद्रिका कुमार पर्वेक्षक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## पीड़ित नागरिकों से भेंट कार्यक्रम अभी स्थगित

**महासमुंद।** शासकीय अवकाश होने के कारण एसडीएम कार्यालय परिसर महासमुंद में हर बुधवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा और साथियों द्वारा राजस्व विभाग संबंधी छोटे बड़े प्रकरणों की समस्याओं से पीड़ित लोगों के साथ मिलकर किए जाने वाले भेंट कार्यक्रम को अभी स्थगित किया गया है। डॉ. चोपड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 25 दिसंबर व आने वाले बुधवार 01 जनवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण अब 27 दिसंबर और अगले शुक्रवार को पीड़ित लोगों की बात सुनी जाएगी।



# राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर 11 को होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अयोध्या धाम में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने की खुशी में इमलीभाठा में भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही है। आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन ने बताया कि गत वर्ष की तरह समस्त मोहल्लावासियों के सहयोग से इस वर्ष भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम गरिमामय ढंग से संपन्न हो, इसके लिए बैठकें आयोजित की जा रही है। एक समिति का गठन भी किया गया है। जिसके संरक्षक मंडल में हीरा सिंह साहू, राजेश चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, रानीदान राठी, देवीचंद राठी, धर्मेंद्र महोबिया, एमआर विश्वनाथन, संजीव कर्माकर, परमेश्वर ठाकुर, दिनेश बेहरा शामिल किए गए हैं। इसी प्रकार अध्यक्ष डीआर सोनी, सचिव जीएस ठाकुर, सांस्कृतिक सचिव टेकराम सेन, लालाराम साहू, जगदीश साहू, कोषाध्यक्ष महावीर पवार, नीलमणि चंद्राकर, उपाध्यक्ष जीएस गौर, सुदामा मिश्रा, बंशी साहू कार्यालय



सचिव के लिए विजय चंद्राकर, माखन पटेल को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी के लिए राजेश सोनी, ओमप्रकाश देवांगन, छेदीलाल राठौर, संतोष, नेमीचंद, पूरन देवांगन, गोवर्धन साहू, नीरथ दास वैष्णव, रमेश पंचेश्वर, एमआर रौतिया, हेमलाल ठाकुर, विनोद चंद्राकर, तुषार पाल, दाऊलाल अग्रवाल, खिलावन धनकर, शशिकांत जैन, महेश देवांगन शामिल है। इसी प्रकार सफल आयोजन के लिए संगीता गोस्वामी, शकुंतुला साहू, मंदाकिनी ठाकुर, ललिता चंद्राकर और उनकी मानस मंडली टीम को जिम्मेदारी दी गई।

जानकारी देते हुए टेकराम सेन ने बताया कि आयोजन 11 जनवरी को किया जाएगा। पूर्वान्ह 12 बजे पूजा अर्चना, प्रसाद वितरण पश्चात दोपहर 2 बजे से राम चरित मानस पाठ, 6 बजे घर-घर दीप प्रज्ज्वलन, 6.30 बजे से संत समागम, 7 बजे से बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। तत्संबंध में 27 दिसंबर शुक्रवार शाम 6 बजे राधाकृष्ण मंदिर इमलीभाठा में बैठक का आयोजन किया गया है।

# बच्चों को अपने माता-पिता और गुरु के बताए मार्ग पर चलना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय एफसीआई के पीछे जगन्नाथ भवन में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का बखान करते हुए व्यास पीठ से पंडित नंदाचार्य दुबे ने ध्रुव महाराज की कथा का बखान करते हुए कहा कि राजा उत्तानपाद की गोदी से उसकी छोटी मां सुरुचि ने तुम दासी पुत्र हो कह कर उतार दिया तो माता सुनीति के समझाने पर ध्रुव महाराज ने परमपिता परमात्मा की गोद में बैठने की ठान ली और वन चले गए। जहां आकाश मार्ग से नारद मुनि का आगमन हुआ और उन्होंने ध्रुव महाराज को यह कहकर समझाने लगे कि तुम्हारी अवस्था मात्र 5 वर्ष की है, खेलने कूदने की अवस्था में तुमको परमात्मा नहीं मिलेंगे। परमात्मा को प्राप्त करने में तो ऋषि मुनियों को हजारों वर्ष लग जाते हैं। किंतु बालक ध्रुव परमपिता परमात्मा की गोद में बैठने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक परमपिता परमात्मा नहीं मिलेंगे, लौटने वाले नहीं। इस पर नारद ने उनसे पूछा कि क्या तुम गुरु बनाए हो तो ध्रुव महाराज ने नारद को ही अपना गुरु बनाकर उनसे ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः का द्वादश मंत्र लेकर मधुबन जाकर अनवरत तपस्या की और भगवान नारायण को प्राप्त किया। भागवताचार्य ने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता और गुरु के बताए मार्ग पर चलना चाहिए, जिस प्रकार ध्रुव ने अपनी मां सुनीति और गुरु नारद के बताएं मार्ग पर वन में जाकर घनघोर तपस्या की और नारायण को प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मां और गुरु अपने बच्चों व शिष्यों को सदैव कल्याणकारी मार्ग ही बताते हैं। एफसीआई मार्ग में स्थित जगन्नाथ भवन में महंती परिवार द्वारा 29 दिसंबर तक भागवत कथा का आयोजन अपनी पूर्वजों की स्मृति में किया गया है।



### धर्म में धन लगाने से बढ़ता है धन

भगवताचार्य ने कहा कि भगवान हर व्यक्ति को संभलने के लिए 11 वर्ष का समय देता है। 11 वर्ष तक जितना धन चाहे कमा लो। कमाए गए धन का उपयोग प्रत्येक व्यक्ति को धर्म कार्य में लगाना चाहिए। धर्मकार्य में लगाए गए धन से सुख, समृद्धि की बढ़ोतरी होती है और धन, वैभव बढ़ता है। लेकिन वही धन यदि अधर्म कार्य में लग जाए, तो चंचला लक्ष्मी को जाने में देर नहीं लगती। प्रत्येक व्यक्ति में देने का भाव होना चाहिए, घर में कोई मांगने आए तो उसे खरी खोटी सुना कर न दें। बल्कि प्रसन्न भाव से दें। उन्होंने कहा कि ठाकुर के लिए सदैव अपना घर खुला रखो। याद रखो कभी भी पैसे से पुण्य नहीं मिलता यदि पुण्य पैसे से मिलता तो सभी पुण्य पैसे वालों के पास संचित होता। उन्होंने कहा कि जहां पहुंच नहीं पाओ वहां योगदान देना, नहीं देने के बराबर है। इसलिए मनुष्य को धन का योगदान उन स्थानों पर देना चाहिए जहां धन के साथ-साथ तन, मन का भी सहयोग हो सके।







